भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3461
जिसका उत्तर मंगलवार 11 अगस्त, 2015 को दिया जाना है

सीएनजी वाहन

3461. श्री एस. आर. विजय कुमार:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय देश के जिन शहरों में सीएनजी चालित वाहन चल रहे हैं, उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार देश में सीएनजी वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क): एक विधिवत पंजीकृत सीएनजी चालित वाहन देश भर में कहीं भी चलाया जा सकता है। तथापि, उपलब्ध सूचना के अनुसार सीएनजी चालित वाहनों का प्रचालन अधिकतर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई, आगरा, कानपुर, लखनऊ, अहमदाबाद और पुणे में केन्द्रित है।

(ख): जी, हां। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सीएनजी किटों के विनिर्देशों तथा सीएनजी वाहनों का टाइप अनुमोदन, सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों को पहले ही अधिसूचित कर दिया है। ईंधन के रूप में सीएनजी का प्रयोग करना वाहन स्वामियों पर निर्भर है।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता।

******